भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 7
2 फरवरी, 2022 को उत्तरार्थ

**विषय: सहकारी क्षेत्र पर महामारी का प्रभाव।**

**7 श्री वि. विजयसाई रेड्डी:**

क्या **सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या यह सच है कि कोरोना महामारी के चलते कई सहकारी समितियां बहुत बुरी तरीके से प्रभावित हुई हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार सहकारी क्षेत्र पर महामारी के प्रभाव का आकलन करने पर विचार करेगी ताकि मंत्रालय सहकारी समितियों की सहायता करने हेतु उपशमनकारी उपाय कर सके; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह)**

**(क) से (ग)**: कोविड-19 वैश्विक महामारी ने सहकारिता सहित सभी क्षेत्रों को बड़े पैमाने पर प्रभावित किया। भारत में सहकारिता क्षेत्र पर वैश्विक महामारी के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए कोई विशेष अध्ययन नहीं करवाया गया है। तथापि, भारत सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों के सामने आने वाली चुनौतियों का शमन करने के लिए समय-समय पर विभिन्न उपायों/पैकेजों के जरिए कोविड राहत प्रदान की है।

*****